**खबर संक्षेप**

## खिलाड़ियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्रामों पंचायतों व नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालयके जय स्तम्भ चौक से गांधी चौक, शेर चौक, सब्जी मंडी तक बास्केट बाल सहित अन्य खिलाड़ियों ने मतदान का संदेश देने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली तथा मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की।

## मतदान के लिये विद्यार्थियों ने लिखा अभिभावकों को पत्र



**शहडोल।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय के महर्षि उच्तर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए अभिभावको को पत्र लिखा।

## 78 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही



**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 07 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 78 चालानों में 32,000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 07 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 07 स्थानों पर दबिश देकर कुल 76 लीटर कच्ची महुआ शराब 33 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

## अतिरिक्त बीयू का प्रथम सप्लीमेन्ट्री रेंडमाइजेशन आयोजित



**शहडोल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र में अतिरिक्त बीयू का प्रथम सप्लीमेन्ट्री रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, रविंद्र वर्मा, अनूप शर्मा, मुकेश जेठानी सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




### कांग्रेस ने किया बाणगंगा मैदान में चुनावी आमसभा का आयोजन

# महिलाओं को हर साल देंगे एक लाख, युवाओं की करेंगे भर्ती: राहुल

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी न तो आदिवासियों का सम्मान कर पाई न महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बना पाई। आदिवासी पर पेशाब की घटना से सारा देश वाकिफ हो चुका है। कांग्रेस के पास सबके लिए ठोस योजनाएं हैं। अगर केन्द्र में हमारी सरकार बनती है तो निश्चित ही एक नई तस्वीर उभर कर सामने आएगी। महिलाओं की समृद्धि के लिए कांग्रेस ने महालक्ष्मी योजना बनाई है। जिसके माध्यम से उन्हे हर साल एक लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे।



सरकार में रिक्त पड़े 30 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। यही हमारा पहला कदम होगा। इस आशय के उद्गार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को बाणगंगा मैदान में आयोजित एक आमसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### महालक्ष्मी योजना लागू की जाएगी

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र में अगर सत्ता में आई तो, हर महिला के बैंक एकाउंट में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। महिलाओं को कांग्रेस सरकार हर साल एक लाख रुपए देगी जिसके लिए महालक्ष्मी योजना संचालित की जाएगी। जिससे महिलाओं की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। उन्हे कई घरेलू परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा। आज हिंदुस्तान की सरकार के पास 30 लाख खाली पोस्ट पड़ी हुई हैं। मोदी सरकार आपको ये पोस्ट नहीं देगी। आपसे कांट्रैक्ट लेबरी करवाई जा रही है। बाद में आपको उठाकर बाहर का रास्ता दिखा देते हैं। स्थाई नौकरी आपको नहीं देती ये सरकार। ये जो 30 लाख खाली पोस्ट हैं ये आपको दी जाएंगी। ये हमारा पहला कदम होगा।

### आदिवासियों को मिलेंगे ठोस अधिकार

आदिवासी का मतलब जो इस देश की धरती के पहले वारिस हैं। देश में उन्हें जल, जंगल और जमीन का हक मिलना चाहिए। क्योंकि वह हिंदुस्तान के पहले मालिक और निवासी हैं। भाजपा कहती है कि आप वनवासी हैं, वनवासी का मतलब जो जंगल में रहते हैं। उन्हें ना जमीन का हक है, ना जंगल का हक है और ना जल का हक है। उन्हें कोई अधिकार नहीं मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि जब जंगल ही गायब हो जाएंगे तो आप कहा जाएंगे, हमारे लिए आप आदिवासी हैं। हिंदुस्तान के पहले मालिक हैं। यह आपका इतिहास है, आपके इतिहास को बदलने की कोशिश की जा रही है। भाजपा की धारणा ही अलग है शायद इसीलिए वह आदिवासियों का सम्मान नहीं कर पाई। आदिवासी के ऊपर पेशाब किए जाने की घटना आज सारा देश जानता है।

### छठी अनुसूची की प्रक्रिया होगी

राहुल गांधी का भाषण आदिवासियों पर ज्यादा फोकस रहा। उन्होने कहा कि जहां 50 प्रतिशत आदिवासी आबादी है, वहां छठी अनुसूची लागू करेंगे। ताकि आदिवासी अपने निर्णय खुद ले सकें। राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। आदिवासी शब्द का अर्थ, वो लोग जो इस धरती, इस देश के पहले मालिक हैं। वनवासी का मतलब जो जंगल में रहते हैं। उन्होंने कहा, आज आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल रहा है। इसके लिए छठी अनुसूची लागू करनी बहुत आवश्यक है।

### मंच से दिए जनता को आश्वासन

राहुल ने कांग्रेस की ओर से जनसामान्य को कई आश्वासन दिए। युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी, एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों को दोगुनी स्कॉलरशिप, किसानों को एमएसपी पर फसल खरीदने को वादा किया। साथ ही कहा कि महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है, उन्होंने कहा कि यदि हमारे गठबंधन की सरकार बनती है तो, हम गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। हर महीने उनके बैंक अकाउंट में रकम आएगी। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

### अग्निवीर योजना खत्म करेंगे

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के बारे में बताया, साथ ही कई मुद्दो पर मोदी सरकार को निशाने पर लिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्नि वीर योजना खत्म करेंगे। क्योंकि सेना भी इसे नहीं चाहती है। हमारी सरकार बनने पर देश के किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी ने 22-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रूपये का कर्जा माफ किया है। मनरेगा को चलाने में 65 हजार करोड़ रूपये लगते हैं, मोदी जी ने 24 साल का मनरेगा का पैसा कर्जें का माफ कर दिया। लेकिन वह किसानों का, गरीबों का, मजदूरों का कर्जा माफ नहीं कर सके।

### पेपर लीक करने वालों की खैर नहीं

राहुल ने कहा कि मुझे युवाओं ने बताया कि हम पढ़ाई करते, मेहनत करते हैं और पेपर से एक दिन पहले पेपर लीक हो जाता है। बेइमान लोग इसका लाभ उठाते हैं, जो मेहनत करने वाले युवा हैं, उनका नुकसान हो रहा है। इसलिए हमारा तीसरा कदम होगा पेपर लीक पर कानून बनाना। हम पेपर लीक के खिलाफ नया कानून लाएंगे। जो पेपर लीक करेंगा उसको सख्त सजा दी जाएगी। सबसे बड़ी बात आज जो प्राइवेट कंपनियां पेपर चेक कर रहीं हैं हम इसको बंद करेंगे। कोई भी प्राइवेट कंपनी पेपर नहीं चेक करेगी।

# सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की बैठक में स्कॉन परिवार की प्रस्तुति

**शहडोल।** सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की मासिक बैठक राजभोग रेस्टोरेंट में एम. एल. मंत्री की अध्यक्षता में एवं कमल मूंदडा के सौजन्य से सम्पन्न हुई। बैठक में इस बार स्कॉन समूह परिवार को आमंत्रित किया गया था। श्री स्कॉन परिवार समूह नें बहुत ही सुंदर ढंग से हरे कृष्णा, हरे रामा की भजन प्रस्तुति कर सबका मन भावविभोर कर दिया। उन्होंने नारद मुनि के एक उद्धरण की प्रस्तुति बहुत ही अच्छे स्वरुप में की। स्कॉन समूह द्वारा प्रसाद में खीर का वितरण किया गया। इनके सफल कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष एम. एल. मंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को डॉ. गौरी शंकर गुप्ता द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ।वरिष्ठ सदस्य जे.पी. सिंह ने स्कॉन परिवार की प्रस्तुति पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का संचालन हर समाज एवं हर वर्ग के लोगों के बीच में होना चाहिए। स्कॉन परिवार समूह वर्तमान में मोहन राम मंदिर के पीछे एकता चैरिटेबल ट्रस्ट के भवन में विगत 18 माह से संचालित है। सीनियर सिटीजन संस्था के कोषाध्यक्ष योगेश अग्रवाल के अग्रज राकेश अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। सीनियर सीटीजन एसोशिएशन के सह सचिव अरुण अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता स्व. कैलाश चंद्र अग्रवाल द्वारा वर्ष 1955 को 8 अप्रैल के दिन जिले का सर्व मुद्राणालय भारती प्रेस का प्रारंभ मुख्यमंत्री पंडित शंभूनाथ शुक्ला जी के करकमलों द्वारा कराया गया था। आज आप सभी लोगो के सहयोग से भारती प्रेस को संचालित हुए 69 वर्ष बीत गये हैं, भारती प्रेस के 69 वर्ष गांठ पर सभी सदस्यों ने बधाई प्रेषित की। संस्था के सदस्य दीपक ढोडी ने बताया कि आगामी 11 मई को शनिवार के दिन बाजार में ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को चप्पल, जूतों का वितरण किया जाएगा।बैठक में संस्था के अध्यक्ष एम. एल. मंत्री, श्री महेश अग्रवाल, डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, टी.पी. मिश्रा, एम.आर. गोयल, जी. डी. आहूजा, जगदीश केजरीवाल, राधेश्याम शुक्ला, जीतेन्द्र सिंह कमल मूंदड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, एस. के. सिंह परमार, डॉ. जी.डी. सिंह, डॉ. पवन मूंदडा, महेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. गौरी शंकर, महेन्द्र बियानी, अरुण अग्रवाल, शरद झवेरी, सुहास वासुदेव, सुरेन्द्र अग्रवाल, दीपक ढोढी उपस्थित हुए।






# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होए सुनिश्चित करें अधिकारी : प्रेक्षक

**निर्वाचन प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक**

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र सीधी के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के लिए लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक श्री अभिषेक कृष्णा ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नो?ल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन प्रेक्षक ने नो?ल अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराए और किसी भी स्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो यह नोडल अधिकारी सुनिश्चित करें। निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदान कर्मियों के आने-जाने की व्यवस्थाएं बेहतर रहें। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों द्वारा डायरी जमा करते समय सभी जानकारी पूर्ण रहें यह परीक्षण कर लेंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सिलिंग की कार्यवाही समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन प्रेक्षक ने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल तैनात रहें यह सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदाता सूची का प्रकाशनए कुल मतदाताए बेवकास्टिंग, पोस्टल बैलेट, कम्यूनिकेशन प्लान, बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही जप्ति सी.विजिल एवं 1950 में दर्ज शिकायतों, एमसीएमसीए एसीसी जैसे अन्य निर्वाचन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। उक्त कार्यवाहियों के संबंध में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता गर्ग के विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागरए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियों एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, नरेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

# खेत-खलिहानों में लग रहे मतदान सेल्फी प्वाइंट

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्रामों पंचायतों व नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत झिरिया, तेंदुआढ व अन्य ग्राम पंचायतों के पेसा मोबिलाइजरों द्वारा खेत, खलिहानों में पहुंचकर मतदान हेतु मतदाता जागरूकता की सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है तथा मतदाता उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर मतदान का संदेश दे रहें। साथ ही पेसा मोबिलाइजरों द्वारा पीला चावल देकर 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया गया।



# रहवासी इलाके में घुसे बाघ को हाथियों की टीम ने जंगल में खदेड़ा



**उमरिया।** धमोखर वन परीक्षेत्र के ग्राम रोहनिया में युवा नर बाघ की काफी दिनों से मूवमेंट है, रविवार को स्थानीय पशुपालक के गाय का शिकार भी किया है, रविवार की दोपहर रहवासी क्षेत्र में बाघ के मूवमेंट की जानकारी लगते ही पार्क अमला सक्रिय हुआ है और करीब दो से तीन हाथियों की मदद से नर बाघ को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो नर बाघ का पिछला पैर चोटिल भी है जिस वजह से वो थोड़ा लंगड़ा कर भी चल रहा है। खबर है कि बाघ की मूवमेंट पर निगरानी रखने धमोखर वन परिक्षेत्र का अमला बीती रात बाघ के मूवमेंट पर निगाह रखा हुआ था, खबर यह भी है कि रहवासी क्षेत्र में घुसा बाघ वन क्षेत्र की ओर खदेड़ने में कामयाबी मिल गयी है। विदित हो कि धमोखर वन परीक्षेत्र के घने जंगलों में बाघों के मूवमेंट बनी रहती है, क्षेत्र की अपेक्षा अधिक बाघ होने की वजह से बाघों को शिकार आदि में दिक्कतें होती है जिस वजह से बाघ रहवासी क्षेत्रों के पालतू मवेशियों के शिकार कर अपना निवाला बना रहे है।

### अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की बैठक 12 को

**शहडोल।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एनसीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जाकर विषयवार एनसीईआरटी, सीबीएसई एवं एनसीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों का चयन कर अभिभावक को दुकान विशेष निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म क्रय करने हेतु बाध्य न किया जाये, इस हेतु 12 अप्रैल को संभागीय मुख्यालय के मानस भवन में दोपहर 03 बजे से जिले में समस्त संचालित अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की बैठक का आयोजन किया गया है।



## खबर संक्षेप



### सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगाई भंवरी

**उमरिया।** लोकसभा संसदीय निर्वाचन 12 शहडोल अजजा के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके मतदाताओ को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शहर में शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु हर वार्ड में अलग-अलग स्वीप गतिविधि करा कर नागरिकों को अपने मत का प्रयोग 19 अप्रैल को करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में नगर पालिका उमरिया एवं स्व सहायता समूह वार्ड क्रमांक-14 द्वारा सामूहिक जागरूकता अभियान चलाया गया, वार्ड की महिलाओं ने 08 अप्रैल सोमवती अमावस्या के दौरान 108 परिक्रमा के बजाए 109 परिक्रमा लगाई जिसमें एक अतिरिक्त परिक्रमा लोकसभा निर्वाचन 2024 में देश के विकास में योगदान देने के लिए 19 अप्रैल को अपने पोलिंग बूथ में मतदान करने का संदेश दिया, परिक्रमा के दौरान महिलाओं ने हाथ में संदेश बोर्ड पकड़े हुए थी और मतदान का संदेश दे रही थी।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पाली नगर पालिका परिषद के वार्डो में कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगरपलिका परिषद पाली क्षेत्र अंतर्गत समस्त वार्डो में शहरी मतदाताओं को 19 अप्रैल को नैतिक तथा अनिवार्य मतदान करने हेतु प्रेरित करने हेतु नुक्कड़ नाटक एवं गीत की प्रस्तुति दी गई एवं समस्त मतदाताओ से मतदान करने की अपील की गई। नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महिला मतदाताओं तथा पहली बार वोट करने वाले मतदाताओ को जागरुक किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका के कर्मचारी एवं आधिकारी गण मौजूद रहें।

### मालाचुआ, शाहपुर सहित अन्य ग्रामों में निकाला गया फ्लैग मार्च



**उमरिया।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण करने और इस समय शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र जैसे मालाचुआ शाहपुर, चंदनिया, मेढ़की, बकेली,घुनघुटी में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर एसएस.बी.बल थाना प्रभारी घुनघुटी चौकी प्रभारी वा समस्त स्टाफ के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के क्रिटिकल मतदान में फ्लैग मार्च निकाला गया, जो घुनघुटी बस स्टैंड से बाजार तिराहा होते हुए घुनघुटी पुलिस चौकी पहुंचे संपन्न हुआ। पुलिस जवानों ने करीब 5 किलोमीटर तक पैदल फ्लैग मार्च किया। उन्होंने सभी से चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की प्रक्रिया सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना करने की सलाह भी दी।

### सड़क किनारे हो रहा जमीनों का अवैध कारोबार, अफसर निश्चिंत

# अवैध प्लाटिंग का सरताज बन रहा गोहपारू तहसील क्षेत्र



**शहडोल।** जिले भर में गोहपारू तहसील ऐसी है जहां अवैध प्लाटिंग का कारोबार बाढ़ की तरह फैल रहा है, सड़कों के किनारे स्थित हर जमीन पर भू माफियाओं की गिद्ध निगाहें लगी हुई हैं। जमकर जमीनों का बटांकन हो रहा है और जमीनों के टुकड़े हो रहे हैं। सरकारी जमीने पटवारी खुर्द-बुर्द कर माफियाओं से बिकवाने का धंधा कर रहे हैं, तहसीलदार खामोशी से सारी प्लानिंग और प्लाटिंग देख रहे हैं। लेकिन कार्रवाई का कहीं नामोनिशान नहीं है। हालिया 10 वर्षों के अंतराल में जमीनों के मामले में जितनी अराजकता फैलाई गई शायद उतनी किसी भी अपराध की दिखाई नहीं पड़ती।



जिला प्रशासन ने तो शायद गोहपारू तहसील को अभयदान ही दे दिया है। यही वजह है कि यहां बारेलाल व शेरकुमार जैसे कितने ही माफिया आज यहां अपनी तिजोरियां भर रहे हैं और अफसरों के चहेते बने हुए हैं। पूरा गोहपारू क्षेत्र आज माफियाओं के चंगुल में है। सबसे मोटी कमाई शायद इसी धंधे में है, कल तक छोटी मोटी दूकानों से अपना परिवार पालने वाले आज कालोनियों के मालिक बने बैठे हैं। सब अफसरों की रजामंदी से ही चल रहा है। नहीं तो सरेआम राजमार्ग के किनारे स्थित जमीनों के टुकड़े टुकड़े न हो जाते।

#### इनके नाम पर हुआ नामांतरण

गोहपारू अंतर्गत रीवा-अमरकंटक राजमार्ग पर कई किलोमीटर तक जमीने बिक चुकी हैं और टुकड़े किए गए हैं। एक भूमि के तो 155 टुकड़े किए गए हैं। जिनके क्रेता नीता तांगड़ी, विजय कुमार तांगड़ी, पूजा गुप्ता, नारेन्द्र सिंह, जया खरे, अर्चना गायकवाड़, राजेन्द्र साहू, काशिम अली, अनीता सेन, नीता तिवारी, मालती देवी शुक्ला, शिवकांत तिवारी, पीयूष पाण्डेय, उमेश चंद्र गुप्ता, आशा सिंह, प्रभाकर सिंह, यशवंत सिंह, ब्रजेश कुमार गुप्ता, सुनीता सिंह, विधि सिंह, रविन्द्र जायसवाल, विजय साहू, राजेन्द्र साहू, ऋषभ नामदेव, संगीता साहू, दीपचंद्र गुप्ता, रामसागर सिंह, श्रीमती मीना बाई, श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव, सरफराज, श्रीमती दादन बर्गाही, पिंकी साहू, अनीता शुक्ला, शुभम सोनी, श्रीमती प्रियंका सोनी, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती शशि सोनी, महजबीन बेगम, विजय कुमार शुक्ला, यासमीन फातिमा, प्रीती तिवारी, राधिका सिंह, श्रीमती मीराबाई पाण्डेय, अजय साहू, फूलबाई कुशवाहा, मनोज कुमार, अजय गुप्ता, राजू गुप्ता, प्रेम चन्द्र, बाबूलाल गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, रविन्द्र सक्सेना, सुशील कुमार यादव, राजेन्द्र केवट, सुमित कुमार यादव, पारस नाथ गुप्ता, ऊषा शुक्ला, मीरा पाण्डेय, महेश प्रसाद शर्मा, प्रोद्युत गोल्डार, रोहित कुमार केशरवानी, कन्हैया दुबे, सचिव कुमार तिवारी, शिवेन्द्र सिंह, प्रसाद तिवारी, मृगेन्द्र पाठक, पुस्तकला जुज्झारे, अनुपम शर्मा, मंगलेश्वर सिंह बघेल, प्रदीप सिंह, पुष्पलता सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गोविन्द सिंह, रानी चतुर्वेदी, अलका तिवरी, आकिद खान, अवधेश कुमार सोनी, अंजू सोनी, दुर्गा यादव, फूलबाई गुप्ता, लवकेश कुमार यादव, माखनलाल यादव, परमानंद यादव, रामगोपाल यादव, अंकित पाण्डेय, ज्योति सिंह बघेल, संध्या रजक, योगेश कुमार मिश्रा, ममता सिंह, सीता विश्वकर्मा, प्रियंका पाठक, दीक्षा सिंह चंदेल, अंजुम बेगम, रेखा शर्मा, रवेन्द्र सिंह, दुर्गेश केशरी, कुमार शिवाजी गुप्ता, यशवंत सिंह, विनीता सिंह, मो. असलम मंसूरी, बेबीशबनम खान सहित अन्य लोगों के नाम पर खसरा नंबर 89 में प्लाट काटे गये हैं।

#### झटपट लग जाता है ट्रांसफार्मर भी

अवैध प्लाटिंग में तत्काल विद्युत की व्यवस्था हो जाती है यहां आनन-फानन में ट्रांसफार्मर लगा दिए जाते हैं जबकि गोहपारू व जयसिंहनगर के ही दर्जनों ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां महीनों से ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, कहीं बिगड़े पड़े हैं लेकिन आज तक विद्युत मण्डल के कर्मचारी झांकने भी नहीं जा रहे हैं, कई बार शिकायतें हुईं लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं सुधरे। ग्रामीणों को न तो पर्याप्त घरेलू बिजली मिल रही है और न उन्हे खेतों के लिए सिचाई सुविधा का लाभ मिल पा रहा है। जबकि दूसरी ओर माफिया की रिश्वत इतना असर दिखा रही है कि विद्युत मण्डल आनन-फानन सारी सुविधाएं प्रदान कर देता है। माफिया से जरूरी कागजात भी जमा नहीं कराए जा रहे हैं। जानकारी मिली है कि अधिकारी मोटी गड्डियों के आगे किसी माफिया से उसका आधार कार्ड तक नहीं मांगते।

## प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा जेल का किया गया आकस्मिक निरीक्षण




**उमरिया।** न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी, प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि बंदियों को आध्यात्म की ओर प्रेरित करने के लिये संगीत से जोड़ा गया है। बंदियों के सर्वांगीण विकास के लिये खिलौने बनाना, सिलाई, कम्प्यूटर टाइपिंग के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है। महिला वार्ड में न्यायाधीश एवं संस्कृति चौचरी द्वारा महिला बंदियों से उनके प्रकरण एवं जेल में पेयजल, बैरक, एवं अन्य संसाधन का अवलोकन किया गया। जेल के अन्य सभी वार्डो मे न्यायाधीश के द्वारा बंदियों के प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त होने, आगामी पेशी दिनांक, आपराधिक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर पूछताछ की गई। बंदियों के बैरक में पंखे, टेलीविजन, कपडे, बिस्तर, शौचालय, स्नानागार, तथा बंदियो के अनुशासन के साथ उनके परिजनो से मुलाकात करने का कक्ष, वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष, जेल में मंदिर, मंदिर, का अवलोकन किया। भोजन, पाकशाला में कैदियों के लिये बन रहे भोजन चावल, रोटी, सब्जी, दाल, सूजी का हलवा, लडडू का अवलोकन किया गया। जेल अस्पताल में जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन से बंदियो के स्वास्थ्य एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी लिये। जेल में संगीत की शिक्षा ले रहे बंदियो को प्रोत्साहित करने के लिये उनके द्वारा संगीतमय गीत प्रस्तुत कर उन्हें लगातार अच्छा अभ्यास करने की प्रेरणा दिये। बंदियो के द्वारा किये जा रहे संगीत के नियमित अभ्यास एवं हार्ट फुलनेस संस्था द्वारा ध्यान के माध्यम से बंदियों के मन मे मानसिक शांति के लिये ध्यान एवं योगा अभ्यास की जानकारी ली गई। बंदियो को अनुशासन मे रहकर जेल में संचालित पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने की समझाईश दी गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी. के. सारस, उप अधीक्षक, जेलर माखन सिंह मार्को, जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन एवं माननीय न्यायाधीश के निज सहायक एम.एस. परस्ते, मेलनर्स कनिका रामपाल एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं जेल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नदी पार कर 87 वर्षीय पुनिया बाई के घर मतदान कराने पहुंचे मतदान दल के सदस्य

**उमरिया।** हर मतदाता है महत्वपूर्ण हर वोट है जरूरी, इसकी बानगी दिखी उमरिया जिले में 85 प्लस के होम वोटिंग के दौरान जब जिले के 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र बिछिया में मतदान केंद्र क्रमांक-270 बिछिया के ग्राम छुइली टोला की 87 वर्षीय पुनिया बाई के घर सेक्टर अधिकारी अतुल वाजपेयी के साथ मतदान दल रामचरण कोल, ज्ञानचंद्र झारिया एवं माइक्रो आब्जर्वर प्रवण राणा, पुलिस अधिकारी अनिल सिंह परिहार पहुंचे।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग कराने की सुविधा दी गई है। पुनिया बाई ने होम वोटिंग के लिए प्रारूप-12 डी में अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। होम वोटिंग की टीम मतदान के लिए नदी को पार कर लगभग 1 किमी की पैदल यात्रा करते हुए उनके घर पहुँची और ईसीआई के निर्देशानुसार डाक मत पत्र द्वारा उनका पुनिया बाई का मतदान सुनिश्चित किया गया। मतदान के पश्चात पुनिया बाई के चेहरे पर असीम हर्ष और सन्तोष परिलक्षित हो रहा था। मतदान कराने के पश्चात जब मतदान दल एआरओ आफिस पहुंचा तो एसडीएम बांधवगढ़ एवं एआरओ रीता डेहरिया, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल ने फूल माला से मतदान दल का स्वागत किया।

## कलेक्टर ने की न्यायालयीन प्रकरणों व सीएम हेल्प लाइन की विभागवार समीक्षा

**उमरिया।** साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक तेजी से किया जाए। सभी अधिकारी निर्वाचन के साथ -साथ दैनिक दायित्वों का भी निर्वहन करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों के जवाब दावे समय पर प्रस्तुत हो जाए तथा उसकी जानकारी कलेक्ट्रेट की न्यायालयीन शाखा को भी दी जाए। कलेक्टर ने सभी जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जन की दैनिक समस्याओं का सहानुभूति पूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि बिजली एवं पानी से संबंधित शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर कर दिया जाए तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को भी भेजा जाए। पेयजल से संबंधित शिकायतें जनपद एवं जिला स्तर पर बनाये गये कंट्रोल रूम में भी दर्ज की जा रही है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय तथा जल जीवन मिशन के अधिकारी वहां से शिकायत प्राप्त कर निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि अंर्तरविभागीय समस्यातओं का निराकरण भी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें, जहां भी कठिनाई हो समय सीमा की बैठक में जानकारी दी जाए । जिससे उसका निराकरण कराया जा सके । जिले के विभिन्न एसडीएम कार्यालयों में भू अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों के पालन प्रतिवेदन भी भेजने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, मानपुर एसडीएम कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर सहित विभिन्न विभागो के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## आज चैत्र नवरात्रि का पहला दिन

**कोतमा।** आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो जाएगी है। नगर के शारदा काली मंदिर पंचायती मंदिर ठाकुर बाबा धाम स्थित कामेश्वरी देवी, बूढ़ी माता मंदिर, गोहांड्रा स्थित काली मंदिर, धर्मशाला मंदिर परासी धाम गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर लहसुई कैंप स्थित संतोषी माता सहित अन्य मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां पर रंगाई-पुताई और सफाई का कार्य किया जा रहा है। चैत्र नवरात्र को लेकर सजने लगे बाजार इसको लेकर बाजारों और घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं, मंदिरों में भी रंगाई-पुताई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। व्रत रखने वाले लोग बाजारों में पहुंचकर पूजा सामग्री एवं खाद्य सामग्री की खरीदारी करने में नवरात्र के एक दिन पूर्व सोमवार को बाजारों में पहुंचकर जमकर खरीददारी की। वहीं, दूसरी ओर नवरात्र को लेकर बाजार सज गए हैं। पूजा और फलहार के सामान की खरीदारी की जा रही है। बाजारों में जगह-जगह दुकानें माता रानी की चुनरी और पोशाकों से भरी पड़ी है। व्रत के लिए सिंघाड़े और कुट्टू के आटा की भी बिक्री ने जोर पकड़ा है।



नवसंवत्सर को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। लोग अपने घरों और मंदिरों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। बाजारों में रंगाई-पुताई के सामान की भी बिक्री में तेजी हो गई है। मंगलवार से नवरात्र शुरू हो जाएंगे। इस दौरान कुछ श्रद्धालु नौ दिन का व्रत रखेंगे जबकि कुछ श्रद्धालु पहला व्रत रखकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। फलहार करने वालों के लिए भी फल सहित अन्य खाद्य सामग्री की बाजार खूब आवक है।

#### दुकानों पर बढ़ी पोशाकों की मांग

चैत्र नवरात्र को देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां करते हुए दुकानों पर सामान सजा लिया है। दुकानों के बाहर लटकी माता रानी की चुनरी, पोशाक और अन्य सामान ग्राहकों को अपनी ओर आर्कषित कर रहा है। मुकुट, माला, मूर्ति और तस्वीर आदि की खरीदारी की जा रही है। बाजारों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

#### जलाये जाएंगे अखंड ज्योति कलश

नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन से ही घट स्थापना के साथ ही अखंड ज्योति कलश के साथ ही जवारे बोये जाएंगे।

#### सुबह से ही मंदिरों में रहेगी भीड़

नवरात्रि के पहले दिन से ही सुबह 4 बजे से मंदिर में महिलाएं माता रानी को जल ढारने पहुंचने लगेगी। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचनी शुरू हो जाएगी। नगर में सुबह से ही माता रानी के भक्ति गीत से नगर गूंजायमान होगा।

## सोमवती अमावस्या पर मंदिरों मे उमड़ी भीड़

**कोतमा।** सोमवार को सोमवती अमावस्या के दिन नगर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ आने लगी थी जिनमें ज्यादातर महिलाएं थी जो कीसोमवती अमावस्या पर पूजा पाठ कर 108 परिक्रमा के लिए आई थी। महिलाओं द्वारा शिव पार्वती की पूजा कर पीपल एवं वट वृक्ष में जल, दूध अक्षत, पुष्प अर्पित करने के बाद धागा बांधकर विधि विधान से पूजा की गई। सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रृंगार सामग्री सहित ऋतु फल अंगूर, बेर, नारियल व अन्य वस्तुओं की 108 फेरी लगाकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की गई।इस दौरान मंदिरों में फेरी लगाने आई महिलाओं की भीड़ बनी रहीं। नगर के धर्मशाला मंदिर, शारदा मन्दिर, ठाकुर बाबा धाम ठाकुर बाबा धाम काली मंदिर गोहांड्रा गुरुद्वारा तिराहे सहित अन्य धार्मिक स्थान में महिलाएं सुबह से फेरी लगाने पहुंचती रही। मान्यता है कि सोमवार को पड़ने वाले अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है जिस पर फेरी लगाने वा पूजा करने से परिवार में खुशहाली एवं पति की लंबी आयु प्राप्त होती है। फेरी के बाद महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए गए एवं आपस में प्रसाद वितरण किया।





## चैत्र नवरात्र की तैयारी जोरों पर

**जमुना/बदरा।** नवरात्र पर्व की तैयारी पर जोरों पर काम चल रही है देवी मंदिरों सहित घरों में साफ सफाई का काम जारी है बाजारों में पूजा से जुड़ी सभी सामग्रियों की दुकानें सजने लगी है मान्यता यह है कि नवरात्रि में सच्चे मन से सभी मानव कामना पूरी हो जाती है घर की सफाई देवी स्थान की सफाई और उपवास रखा जाता है जिसमें साक्षी सुभाषिनी शिवानी व्रत रखकर माता रानी का पूजा अर्चना करते हैं नवरात्रि में मां दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाती हैं दुर्गा मंदिर श्रमिक नगर महामाया मंदिर बदर बस स्टैंड के समीप मंदिर परिसर में भक्तगण की भारी संख्या में पूजा अर्चना की जाती है 9 दिनों के इस महापर्व पर हर दिन माता की अलग-अलग 9 स्वरूपों की पूजा की जाएगी पहले दिन घट स्थापना यानी कलश स्थापना होगा लोग घर के मंदिर में भी माता रानी को स्थापना कर उसे दिन से उपवास शुरू करते हैं ऐसे में माता रानी के श्रृंगार कन्या पूजन हवन सामग्री के लिए जरूरी सामग्री नवरात्रि के मौके पर जरूरत होती है।



## अवैध रेत परिवहन पर पकड़ा गये दो ट्रेक्टर, किरर में नीलगिरी के अवैध परिवहन पर जप्त दो ट्रक

**कोतमा।** 8 अप्रैल अनूपपुर वनमंडल के अनूपपुर वन परिक्षेत्र के किरर इलाके में तथा कोतमा वन परिक्षेत्र के हरद बीट में वनविभाग द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वनपरिक्षेत्र कोतमा टीम द्वारा हरद बीट में विगत रात हरद-दैखल के मध्य अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रेक्टर वाहन को जप्त किया इस बीच वन परीक्षेत्र अनूपपुर में किरर इलाके में राजेंद्रग्राम की ओर से ओपीएम की ओर बगैर किसी दस्तावेज के ले जा रहे दो ट्रैकों को जिसमे नीलगिरी के लकड़ी लदी रही हैं को बैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण जप्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई है तथा जप्त वाहनो को फारेस्ट कैम्पस में लाकर खडा कराया गया है। उक्त कार्यवाही मे एके निगम उपवन क्षेत्रपाल, जेडी धार्वे प.स.कोतमा, परिक्षेत्र सहायक किरर रिचर्ड रेगी राव के साथ विभिन्न वन बीटो के वनरक्षक एवं सुरक्षा श्रमिक कार्यवाही में सम्मिलित रहे है।

## खबर संक्षेप

### श्री झूलेलाल मन्दिर खैरी में कार्यक्रम आज



**रीवा ।** स्थानीय श्री झूलेलाल मंदिर खैरी में सिन्धी समाज के इष्टदेव हिन्दू धर्म के रक्षक, वरुणावतार देवता श्री झूलेलाल जयन्ती महोत्सव ''चैटीचण्ड पर्व'' के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें श्री सचखण्ड धाम उदासीन आश्रम रीवा के महन्त स्वामी कमलदास जी का सत्संग रखा गया। श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट के लेखराज मोटवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर खैरी में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी दोपहर 1.30 बजे महा आरती पल्लव अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम उपरांत आम भण्डारा (लंगर साहिब) की सेवा होगी। पूज्य सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह एवं श्री झूलेलाल मंदिर सेवा ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी हुकूमतराय होतवानी ने सर्व संगत से कार्यक्रम में समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### भ्रष्ट्राचारियों के चक्कर में फंस गई कलेक्टर

**रीवा ।** सिरमौर स्थित एसडीएम एंव तहसील कार्यालय में सरकार की आंख पर धूल झोंक कर काम कर रहे भ्रष्ट लिपिक कलेक्टर की गले का फांस बन गये। मा. न्यायाधीश विवेक अग्रवाल ने कलेक्टर रीवा को 10 दिन के अंदर न्यायालय में स्वतः उपस्थित होने का आदेश जारी किया है, इतना ही नहीं मा. न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि क्यों ने इस प्रकरण को लोकायुक्त को कार्रवाही किये जाने प्रस्तावित किया जाये। मा. उच्च न्यायालय में अपील करने वाले अधिवक्त राजेश सिंह ने बताया कि मा. न्यायायल ने उनके द्वारा किये गये अपील क्रमांक डब्लू पी 80-90/2024 में 5 अप्रैल 2024 को सुनवाई के उपरांत निर्णय लिया है। अधिवक्ता राजेश सिंह ने बताया कि सिरमौर तहसील कार्यालय से लेकर एसडीएम कार्यालय तक में जमकर भ्रष्टाचार चल रहा है और चले भी क्यो न। एसडीएम कार्यालय में भ्रष्ट लिपित सत्येंद्र सिंह एवं तहसील कार्यालय में भी भ्रष्ट लिपिक राजेश पांडेय जो बैठे हुए है। बताया कि दोनो ही लिपिकों के भ्रष्टाचारी होने की वजह से तत्कालीन कलेक्टर एम गीता ने एसडीएम सिरमौर की जांच उपरांत दोषी पाये जाने पर अपने आदेश क्रमांक 195/09 एवं 196/09 में नौकरी से ही बर्खास्त कर दिया था। लेकिन उसके बाद भी दोनो शासन की आंखो में धूल झोंक कर एक तहसील कार्यालय में तो दूसरा एसडीएम कार्यालय की कुर्सी में बैठे है। इतना ही नही दोनो ही बर्खास्तशुदा लिपिक 2009 से सरकार से वेतन भी उठा रहे है। अधिवक्ता राजेंश सिंह ने बताया कि दोनो ही भ्रष्ट लिपिक तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके थे, लेकिन हाईकोर्ट ने तत्कालीन कलेक्टर के आदेश को यथावत रखने का आदेश दिया था। उसके बावजूद भी दोनो का राजस्व कार्यालय में कार्यरत रहना तत्कालीन कलेक्टर के दिनांक 22 अगस्त 2009 के बर्खास्तगी के आदेश को ठेंगा दिखाना है। अधिवक्ता राजेश सिंह ने बताया कि उक्त संबंध में सिरमौर से लेकर रीवा बैठे कलेक्टर तक के दरवाजे खटखटाये, लेकिन कहीं से न्याय नहीं मिला और भ्रष्टाचारी एसडीएम एवं तहसील कार्यालय की कुर्सी में बैठ कर राजस्व प्रकरणों में लूट एवं शासन की आंखो में धूल झोंक कर वेतन लेकर इठलाते है।

### मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 15 मई तक का मौका

**कटनी।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जिन्होने एमपीटॉस पोर्टल तथा एनआईसी के स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का ऑनलाईन आवेदन नही किया है।

---

आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ

# काली मंदिर विलियस नंबर 1 में तैयारियां अंतिम चरण में

**मां काली मंदिर विलयस नंबर 1 सनातन धार्मिक समिति के द्वारा 9 अप्रैल मंगलवार को चैत नवरात्र प्रारंभ की तैयारी को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाए जाने को लेकर समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ता हुए सक्रिय।**





धनपुरी।

नवरात्र 9 दिनो कामां काली मंदिर सनातन धार्मिक समिति के अध्यक्ष एसपी सिंह कि अध्यक्षता में नवरात्र पर्व पर 9 दिनों तक कार्यक्रम चलेगा। काली मंदिर जवारा कलश, ज्योति कलश, तेल घी अन्य पूजा सामग्रियों की व्यवस्था के साथ मंदिर रंगरोहन साफ सफाई बैठने की व्यवस्था समिति के द्वारा बनाई जा रही है। काली मंदिर की व्यवस्था में लगातार इजाफा हो रहा है समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ता बड़े ईमानदारी के साथ कर्य को अंजाम दे रहे हैं। शक्ति का संचारवार्ड नंबर 5 सहित अन्य वार्ड के महिलाएं पुरुष बच्चे सुबह शाम मंदिर पहुंचकर म्यूजिक सिस्टम से होने वाले आरती मधुर ध्वनि से होने वाले तीन तरह की आरती लोगों को काफी पसंद आ रहा है सुबह शाम आरती के समय काफी संख्या में लोग आरती में शामिल होते हैं आरती से लोगों में भक्ति शक्ति का संचार हो रहा है।56 भोग प्रसादअध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ नवरात्र मनाई जाएगी नवरात्रि पर्व पर पंचमी को यहां प्रसाद और अष्टमी को छप्पन भोग प्रसाद मा काली पर चढाएगे और अच्छा करने का प्रयास करेंगे आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है कि समय निकालकर मां काली दर्शन पाकर पुण्य लाभ कमाए।मां आस्था का केंद्रधनपुरी वार्ड नंबर 5 स्थित मां काली मंदिर आस्था का केंद्र बना मां काली मंदिर बिलियस नं01पौराणिक महत्व समेटे नगर के मां काली मंदिर अति प्राचीन मां काली मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। वैसे तो पूरे वर्ष यहां श्रद्धालुओं का जमघट रहता है, लेकिन नवरात्र पर विशेष पूजा-अर्चना होती है और दूर-दराज से लोग मां के दर्शन कर मन्नत मांगने आते हैं। मान्यता है कि जो भक्त देवी माता का दर्शन पूरी आस्था व श्रद्धा से करते हैं, मां उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। नवरात्र में यहां पूरे नौ दिनों व मंदिर में पूरे वर्ष सुबह व शाम होने वाली विशेष आरती में सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल होते हैं। माकूल व्यवस्थाकाली मंदिर समिति के सदस्य एस.पी.सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा मंदिर परिषद में आने वाले भक्तों के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की मुश्किलों का सामना ना करना पड़े। समिति जुड़े सभी सदस्यों का सहयोग पूर्व की तरह इस बार भी मिल रहा है।

## विचाराधीन भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण की शिकायत




अमलाई।

नगर परिषद बकहो अंतर्गत न्यायलय में विचाराधीन भूमि पर अतिक्रमण कर खंभे और बाउंड्री कराये जाने की शिकायत अमलाई थाना और अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के पास की गई है उक्त शिकायत बकहो झगराहा निवासी गोपाल साहू द्वारा की गई है शिकायत में बताया गया की भाई नरेश साहू और उनकी स्वामित्व की भूमि जिसका खसरा क्रमांक 18/1/2 है जो नरेश साहू और गोपाल साहू पिता श्यामलाल साहू के नाम पर है। जिस पर रिश्ते के चाचा छोटेलाल साहू, पुनिया साहू और बेल्लू साहू द्वारा खम्बे लगाकर बाउंड्री कराये जाने की कोशिश की जा रही है। बकहो निवासी गोपाल साहू ने बताया कि खसरा क्रमांक 18/1/2 की भूमि अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर द्वारा विचाराधीन है। इसके बावजूद अतिक्रमण कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। और रजिस्ट्री कराये जाने के फिराक में है। गोपाल साहू ने अमलाई थाना एवं अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर को आवेदन देकर अतिक्रमण और निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की गई। नगर परिषद बकहो में इन दिनों भूमाफिया सक्रिय देखे जा रहे है। नगर परिषद बनने के बाद यहां भूमाफिया खाली पड़ी जमीनों पर नजर लगाए बैठे है। और मौका मिलते ही उस खम्बे और फेसिंग करने की फिराक में रहते है। राजस्व और फारेस्ट की खाली पड़ी भूमि को भी नही छोड़ रहे है। निजी भूमि पर भी प्रशासन को गुमराह कर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है भूमाफिया। नगर परिषद बकहो क्षेत्र में अब ऐसे मामले देखने को मिल रहे है।

## फसल कटाई में व्यस्त किसान, उपार्जन केन्द्रों में सन्नाटे का बना हुआ है माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जिले में अभी गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते किसान अभी व्यस्त है वहीं दूसरी ओर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के बाद खरीदी केंद्रों का शुभारंभ नहीं हुआ है। केंद्रों पर सन्नाटा छाया हुआ है। ताले में कैद इन केंद्रों में कोई व्यवस्था भी नहीं है। केन्द्रों में गेहूं खरीदी का सूचना बोर्ड लगा है न तो किसानों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। यानि कि खरीदी केंद्रों में कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं किये गए। शासन के निर्देश अनुरूप 29 मार्च से गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो गया है जो 15 मई तक जारी रहेगा। अब तक केन्द्रों में कोई चहल पहल नहीं है। केंद्र शुरू हुए न तो किसान उपज लेकर पहुँचे। जिसके चलते उपार्जन केंद्र अब तक शुरू नहीं हो सके। इस दफा तो किसानों के स्लॉट बुकिंग कराने में भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में हजारों किसानों की उपज खरीदी जानी है लेकिन अभी तक सिर्फ 173 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुंकिग कराई है। किसानों को उपज बेचने के मैसेज भी नहीं मिल रहे है। हालांकि अभी तक किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है। होली के बाद से शुरू हुई कटाई 85 प्रतिशत हो गई है। अभी भी क्षेत्र में 15 प्रतिशत किसानों की फसलें खेतों में है। किसान अपनी उपज की कटाई के कार्य में जुटे है।

समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में इस बार 14 उपार्जन केन्द्र बनाये गए हैं। जिसमें ढीमरखेड़ा, पोंडी कला बी, मडेरा,नेगवां, उमरियापान, देवरी मंगेला ,मुरवारी, झिंना पिपरिया, खमतरा,कटरिया, दशरमन, कछारगांव बड़ा,सिलौंडी और कचनारी शामिल है। 14 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी श्रीगणेश नहीं हुआ है। एक दुक्का केन्द्रों को छोड़कर बात करें तो अभी तक बारदाने तक नहीं पहुँचे। केन्द्रों में पहुँचने वाले किसानों के लिए कोई सुविधा भी नही बनाई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव ने बताया कि शासन स्तर पर गेंहू की खरीदी 29 मार्च से शुरू हो गई है।

## क्षत्रिय समाज के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता पर हो कार्यवाही




**अन्यथा क्षत्रिय समाज भाजपा के विरुद्ध करेगा मतदानः श्रीराजपूत करणी सेना**

रीवा ।

भाजपा नेता एवं गुजरात राजकोट के लोकसभा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला के द्वारा विगत दिनों गुजरात के राजकोट की रैली को सम्बोधित करते हुए देश के क्षत्रिय समाज के माताओं एवं वहनों के विरुद्ध अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की है जिससे पूरे देश का क्षत्रिय समाज आहत है। भाजपा नेता के द्वारा क्षत्रिय समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर श्रीराजपूत करणी सेना जिला इकाई रीवा ने पुरुषोत्तम रूपाला के अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी का पुरजोर विरोध किया है और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा को आयुक्त रीवा संभाग रीवा के माध्यम से ज्ञापन भेजकर राजकोट लोकसभा प्रत्याशी रूपाला को पार्टी से वाहर कर चुनाव लड़ने से रोकने की मांग की है तो वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से देश के समस्त क्षत्रिय समाज से सामूहिक क्षमा याचना करने की मांग की है। संभागीय अध्यक्ष प्रशान्त सिंह ''रिल्लू' एवं श्री राजपूत करणी सेना जिला इकाई के जिलाध्यक्ष भास्कर सिंह चन्देल (मोनू), ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देश के क्षत्रिय समाज से तत्काल उक्त घटना की भर्त्सना करते हुए सामूहिक माफी नहीं मागते है तो क्षत्रिय समाज रोड पर उतरकर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों का जगह जगह विरोध किया जायेगा और चुनाव में भाजपा के विरुद्ध मतदान किया जायेगा। इस अवसर पर अमर सिंह परिहार, लोकेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, राहुल सिंह, सौरभ सिंह, विक्कू सिंह बघेल, नितेश सिंह, संजय सिंह, प्रकाश सिंह, कमलनारायण सिंह, अवनीश सिंह, नितेश सिंह, सूरज सिंह, अभिमन्यु सिंह विसेन, राघवेन्द्र सिंह, रवी सिंह बघेल, संजीव सिंह, गौरव सिंह बघेल, लवकुश सिंह, चन्द्रदेव सिंह, शिवम सिंह गहरवार, प्रवीण सिंह बघेल, आदर्श सिंह चंदेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कोतवाली पुलिस ने 4 हजार के इनामी सहित आधा दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार

रीवा ।

जिले की कोतवाली पुलिस ने चार हजार के फरार इनामी बदमाश साहित 7 वारंटीयो को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो स्थाई वारंटी खान उर्फ विवेक उर्फ अमर राज बंसल पिता स्वर्गीय राजू बंसल उम्र 20 साल निवास से नया तालाब गुड चौराहा थाना सिटी कोतवाली रीवा राजेश कुशवाहा पिता जागेश्वर कुशवाह निवासी छत्रपति नगर थाना समान वही 6 गिरफ्तारी वारंट मे इसरार उर्फ़ मन्नू पिता नजीर हुसैन निवासी कटरा थाना सिटी कोतवाली मोहम्मद शहजाद खान पिता शमसुद्दीन खान उम्र 20 वर्ष निवासी निपानिया थाना सिटी कोतवाली अमर राजबांसल पिता राजू बंसल उम्र 20 साल निवासी नया तलब सनी सेन पिता राजेंद्र सेन उम्र 20 वर्ष निवासी कोरियान मोहल्ला सुखलाल साहू पिता कालिका प्रसाद साहू उम्र 50 वर्ष निवासी निपानिया कृष्ण मुरारी साहू पिता कालिका साहू उम्र 58 वर्ष निवासी निपानिया सहित एक इनामी एमएम खान उर्फ विवेक उर्फ़ अमरराज बंसल पिता स्वर्गीय राजू बंसल उम्र 20 वर्ष निवासी नया तलब थाना सिटी कोतवाली रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के सामने पेश करके पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे।

**इनका कहना है**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शहर में चल फरार आरोपिओं कि धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने दो स्थाई वारंटी 6 गिरफ्तारी वारंटी व एक इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है

**जयप्रकाश पटेल**
**थाना प्रभारी कोतवाली रीवा**

## बढ़ती गर्मी के साथ दिनभर चलती रही सूरज और बादलों के बीच लुका छिपी

रीवा ।



रीवा जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही लगातार बादलों की लुका-छिपी का खेल भी जारी है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप निकल आई थी। हालांकि एक घंटे बाद आसमान बादलों से ढक गया था। दिनभर सूर्य व बादलों में आंख मिचौली चलती रही। अप्रैल के महीने में जहां एक तरफ गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं दूसरी तरफ हवाओं के चलने और बादलों के आसमान में छाए रहने क्रम बना हुआ है। शनिवार व रविवार को जिले का तापमान बीते दिन से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम 39.0 डि.से. दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी बीते दिन की अपेक्षा 0.5 डि.से. की गिरावट के साथ 20.5 डि.से. दर्ज किया गया। अब दो दिन बाद जिले के तापमान में फिर इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक अफगानिस्तान और पाकिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके अलावा, पश्चिमी राजस्थान में चक्रवात निर्मित है। वही पूर्वी विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक द्रोणिका बनी है। इन कारणों से जिले में बादलों की आवाजाही हो रही है। साथ ही मौसम परिवर्तन का क्रम लगातार बना हुआ है।

### चिकित्सक दे रहे बचाव की सलाह

मौसम में आ रहा परिवर्तन सेहत पर भारी पड़ सकता है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। जिसका सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल की जरूरत है। जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है

### 450 साल से भी ज्यादा पुराना है आस्था का प्रतीक रानी तालाब मंदिर

**रीवा ।** रानी तालाब मंदिर के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है आस्था के केंद्र इस प्राचीन मंदिर में स्थापित माँ कालिका का अपना अलग महत्तव है पहले इसका संचालन राजघराने द्वारा किया जाता था अब भारत सरकार द्वारा इसका संचालन किया जाता है इस मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्य भी है यहां के इस सिद्ध पीठ मां कालिका का नाम यहां के विशाल तालाब रानी तालाब की देवी के रूप में भी जाना जाता है वहां के पुराने स्थानीय निवासी कहते हैं की काफी वर्ष पूर्व यहां पर लवाना जाति के लोगों ने तालाब खोदा था उस वक्त यहां रीवा राजघराने की महारानी कुंदन कुंवरि जब पूजा करने रक्षा बंधन के दिन पहुंची तो प्रसन्न होकर लवाना लोगों के हांथो में रक्षा सूत्र बांधा तब लवाना लोगों ने महारानी को भेट स्वरूप यह तालाब दे दिया तब से यह स्थान रानी तालाब के नाम से जाना जाता है। मॉ कालिका की मूर्ति की भी यहां स्थापित होने के पीछे एक वजह है वह यह है कि कई वर्षों पूर्व राजा प्राज्ञ देव के समय इस मूर्ति को लवाना लोग अपने साथ लेकर आ रहे थे ऐसा कहा जाता है की देवी माँ की मूर्ति ने यह कह दिया था की जंहा मुझे एक बार स्थापित कर दिया जाएगा वंहा से मै उठूंगी नहीं और लवाना लोगों को यह बात ध्यान से उतर गई और वो लोग मूर्ति को बैलगाड़ी में लिए हुए थे और यंहा रूककर आराम करने की सोचा और खाना बनाकर खाने लगे और सो गए जब सुबह जाने की तयारी करने लगे और मूर्ति उठाने की कोशिश की तो मूर्ति उठी ही नहीं ।

## खबर संक्षेप



### कल धूमधाम से मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**अनूपपुर।** झूलेलाल जयंती सिंधी समुदाय के संरक्षक संत झूलेलाल के सम्मान में मनाया जाता है। झूलेलाल को सिंधी लोगों के बीच एकता और शक्ति के प्रतीक के रूप में माना जाता है। भारतीय सिंधु समाज के अध्यक्ष तेजमल भोजवानी में बताया कि झूलेलाल सिंधी समाज के इष्टदेव हैं। झूलेलाल जयंती सिंधी समाज के लोग बहुत ही उत्साह और जोश के साथ मनाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार झूलेलाल जयंती चैत्र मास की द्वितीया तिथि को मनाई जाती है। झूलेलाल भगवान वरुणदेव के अवतार है। भगवान झूलेलाल की जयंती को सिंधी समाज चेटीचंड के रूप में मनाता है। जिसे सिंधी नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। चेटीचंड हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। सिंधी समाज में मान्यता है कि जल से ही सभी सुखों और मंगलकामना की प्राप्ति होती है इसलिए इसका विशेष महत्त्व है। श्री तेजूमल ने बताया कि श्री झूलेलाल जयंती चैट्रीचंड 10 अप्रैल 2024 दिन- बुधवार को सिंधी धर्मशाला अनूपपुर में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम की व्यवस्था भारती सिंधु नवयुवक मंडल में संभाली है, भारती सिंधु नवयुवक मंडल अनूपपुर के अध्यक्ष नवीन केवलानी विज्ञप्ति में बताया कि 10 अप्रैल को सिंधी धर्मशाला अनूपपुर में उत्सव मनाई जाएगी जिसमें 11:30 बजे श्री झूलेलाल सांई जी की आरती की जाएगी एवं इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से भारतीय सिंधु महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन करेंगे इसके पश्चात 1 बजे से प्रसाद वितरण एवं भंडारा प्रारंभ होकर 4.30 तक भंडारे का कार्यक्रम किया जाएगा। 4 बजे से विशाल शोभायात्रा सिंधी धर्मशाला अनूपपुर से निकलेगी जिसमें सिंधी समाज के सभी महिला पुरुष शामिल होंगे जिसने ड्रेस कोड भी रखा गया है महिलाएं मेहरून कलर और पुरुष वाइट और रेड कलर का ड्रेस पहनकर शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभा यात्रा सिंधी धर्मशाला से निकाल कर राम जानकी मंदिर होते हुए रेलवे स्टेशन चौराहा पहुंचेगी यहां से मेन बजार होते हुए कोतवाली तिराहे से बस स्टैंड होते हुए सामतपुर तालाब पहुंच कर विसर्जित होगी। मार्ग में जगह-जगह पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

### नवविवाहिता की हत्या



**अनूपपुर।** राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौगांव में नवविवाहिता की हत्या के मामले में परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता धनपत महरा निवासी कॉलेज कॉलोनी धनपुरी ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी सरस्वती महरा उर्फ स्वाति का विवाह 5 जून 2017 को पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम नौगांव निवासी देवेंद्र चंद्रवंशी के साथ हुआ था। विवाह के बाद आए दिन सरस्वती के ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग करते थे। उसके साथ मारपीट तथा गाली-गलौज की जाती थी। प्रताड़ति करने की बात परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को बताई है। उन्होंने यह भी कहा कि 22 जनवरी 2024 को पहले तो सोने की चेन दी गई थी। इसके बाद देवेंद्र के छोटे भाई के विवाह के लिए दो लाख रुपए की मांग करने लगे। इस पर सरस्वती के पिता ने इतनी रकम दे पाने में असमर्थता जताई। इसके बाद 26 मार्च 2024 को सरस्वती के देवर पुरुषोत्तम ने फोन पर सरस्वती के बीमार होने की बात कही। जब वह देखने पहुंचे तो सरस्वती का शव फंदे पर झूलता मिला था।

# मां दुर्गा कवच ब्रह्माण्ड की सबसे शक्तिशाली कवच

## चैत्र नवरात्रि विशेष पवित्र नगरीय

### अमरकंटक में धूमधाम से मनायी जाती है नवरात्रि

अमरकंटक।

मां दुर्गा कवच सबसे अधिक शक्तिशाली कवच है यह है असल में मंत्रों का एक ऐसा संग्रह है जो कि हम मनुष्य की नकारात्मक शक्तियों और आत्मरक्षाओं से रक्षा करता है देखा जाए तो यह कवच एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है दुर्गा मां के इस कवच में मौजूद मंत्रों में हर प्रकार की नकारात्मकता प्रतिकूल कंपन को सकारात्मक और आकर्षक कंपन में बदलने की ताकत होती है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से और पूरी ईमानदारी से मां दुर्गा कवच के मंत्रों का उच्चारण करता है वह दुनिया में मिलने वाली हर तरह की बुराई से सुरक्षित वह दूर रहता है दुर्गा मां के पूजन यानी नवरात्रि के समय इन मंत्रों का जाप करना बेहद शुभ माना गया है।

### क्या है मां दुर्गा कवच

पंडित संदीप ज्योतिषी अमरकंटक ने बताया कि मां दुर्गा कवच संसार के 18 पुराणों में से सबसे शक्तिशाली पुराण मार्कंडेय पुराण का हिस्सा है यह कवच एक तरह से दुर्गा मां का पाठ है जो हमें साहस और हिम्मत प्रदान करता है और दोष से हमारी रक्षा करता है कहा जाता है कि मां दुर्गा कवच को भगवान ब्रह्मा ने ऋषि मारकंडे को सुनाया था इस कवच में कुल 47 श्लोक शामिल है वही इन श्लोक के अंत में 9 श्लोक फल श्रुति के रूप में लिखित है फल श्रुति का अर्थ ऐसा पाठ जिसे पढ़ने या सुनने से भगवान का आशीर्वाद या फल प्राप्त हो दुर्गा कवच में देवी पार्वती के अलग-अलग रूपों की प्रशंसा की गई है। भगवान ब्रह्मा प्रत्येक को देवी कवच को पढ़ने और देवी मां का आशीर्वाद मांगने के लिए अनुरोध करते हैं जो भी भक्त इस पाठ का नियमित रूप से उच्चारण करता है उसे देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कवच का शुद्ध संस्कृत उच्चारण के साथ-साथ हर अंग और देवी स्थान की रक्षा के लिए है उसे पर भी ध्यान रखना होता है मतलब पूरा ध्यान के साथ पाठ करना होता है जितना अधिक कवच का पाठ होगा उतना अधिक कवच सिद्ध और जागृति ही होता है। पुराणों के अनुसार मां दुर्गा कवच का 10000 पाठ करने के बाद इसमें अच्छी जागृति आती है कवच तो सिद्ध और जागृति ही होता है लेकिन हमें इसके अधिक से अधिक पाठ करके अपने शरीर को उस लायक बनाना होता



है ताकि इसकी ऊर्जा अपने अंदर समाहित कर सकें जब आसन पर बैठकर पाठ करना होता है।अगर हो सके तो मिट्टी के दीए में गाय के घी का दीपक जलाएं जब तक जलते रहे तब तक पाठ करना चाहिए।

### आज से वासन्तिक नवरात्र प्रारंभ

#### ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी नवरात्रि एवं नए वर्ष की जानकारी

**अनूपपुर।** वासन्तिक नवरात्र 9 अप्रैल दिन मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। इसी दिन से नव इसी दिन सर्वार्थ संवत्सर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग से प्रारंभ हो रहा है सिद्धि योग और गोमतीनगर के ज्योतिषाचार्य त्रिपाठी ने बताया कि इस अमृत सिद्धि वर्ष के राजा होंगे मंगल और मंत्री होंगे शनि बहुत कुछ उथल-पुथल हो योग से प्रारंभ सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय नव वर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल पक्ष हो रहा है नव संवत्सर जो मंगलकारी है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय बनारस से पढ़े व्याकरण आचार्य ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने बताया की प्रतिपदा से होता है। इस वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 9 अप्रैल मंगलवार को हो रहा है। मंगलवार से नव संवत्सर प्रारंभ हो रहा है इसलिए इस संवत्सर के राजा मंगल होंगे मंगल साहस, पराक्रम, प्रशासन, सेना आदि के कारक ग्रह है। इस संवत्सर के मंत्री शनि होंगे। राजा मंगल और शनि मंत्री होने के कारण यह वर्ष काफी उथल-पुथल वाला वर्ष रहेगा। इस वर्ष घोड़े पर सवार होकर भगवती का होगा आगमन वासन्तिक नवरात्र 9 अप्रैल दिन मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। नवरात्र का प्रथम दिन मंगलवार पढ़ने के कारण शास्त्रों के अनुसार भगवती का आगमन घोड़े पर हो रहा है। शास्त्रकारों की मनें तो घोड़े पर आगमन भगवती का बहुत शुभ नहीं माना गया है। नवमी 17 अप्रैल को पड़ रही है। अतः मां जगदंबा की पूजा के आराधना का विशेष पर्व वासंतिक नवरात्र पूरे नौ दिन का होगा। ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश त्रिपाठी के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा आठ अप्रैल को रात्रि 11:55 बजे लग रही है जो नौ अप्रैल को रात 9:43 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि अनुसार नौ अप्रैल को नवरात्रारंभ होगा। वैसे भी नवरात्र शुभ मुहूर्त माना जाता है, लेकिन योगों के संयोग से यह और भी विशिष्ट माना जा रहा है। कलश स्थापना अभिजित मुहूर्त में दिन के 11:34 बजे से 12 बजकर 24 मिनट रहेगा। इस दौरान घट स्थापना करना शुभ रहेगा। महानिशापूजन सप्तमी युक्त अष्टमी की मध्य रात्रि (निशिथ व्यापिनी) में किया जाता है। अतः 15-16 अप्रैल की मध्य रात्रि अष्टमी योग से महानिशा व बलिदान आदि कार्य होंगे। महाष्टमी व्रत 16 अप्रैल को किया जाएगा। नवमी तिथि में 17 अप्रैल को रामनवमी व्रत रखा जाएगा। पहले और अंतिम दिन व्रत रखने वाले महाष्टमी व्रत का पारण 17 अप्रैल करेंगे। नवरात्र व्रत का पारण 18 अप्रैल को होगा। नवरात्र में दुर्गा सप्तशती के पाठ करने से सभी मनोकामनाये पूरी होती है।

## निर्वाचन की सुचिता कायम रखने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी

### निर्वाचन में कानून व्यवस्था बनाए रखने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**अनूपपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने की दृष्टि से भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से प्रभावशील होने से आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर की गई प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व के जाति, धार्मिक, राजनैतिक या सामाजिक विवादों में संलग्न व्यक्तियों के विरूद्ध भी प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दण्ड प्रक्रिया संहिता के 110, 151, 107(116) के तहत की गई है। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के कुल दर्ज 188 प्रकरणों में से 178 पर प्रारंभिक आदेश जारी किए गए हैं। 86 पर बाउन्डओवर तथा 56 पर अंतिम बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की गई है। इसी तरह धारा 151 के कुल दर्ज प्रकरण 114 के विरूद्ध 114 पर प्रारंभिक आदेश जारी किए गए हैं। 114 पर बाउन्डओवर तथा 82 पर अंतिम बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की गई है। धारा 107(116) के दर्ज कुल 1 हजार 779 प्रकरणों में से 1 हजार 779 प्रारंभिक आदेश के विरूद्ध 1423 पर बाउन्डओवर एवं 698 पर अंतिम बाउण्ड ओवर की कार्यवाही की गई है।

**आबकारी विभाग ने की मदिरा की जप्ती** - लोकसभा निर्वाचन से संबंधित जिले में आबकारी विभाग द्वारा 4748.2 लीटर देशी हाथ भट्ठी अनुमानित बाजार मूल्य 5 लाख 99 हजार 723 रुपये तथा 207.09 लीटर विदेशी मदिरा एवं बियर अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 7 हजार 340 रुपये, लाहन 21245 कि.ग्रा. अनुमानित बाजार मूल्य 21 लाख 24 हजार 500 रुपये की प्रगामी जप्ती की गई है। इस तरह कुल प्रगामी पंजीबद्ध 784 प्रकरणों में 29 लाख 31 हजार 563 रुपये की प्रगामी अनुमानित मूल्य की जप्ती की गई है।

**मोटरयानों के विरूद्ध की गई कार्यवाही**- लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मोटरयानों से संबंधित विभिन्न अपराधों में कार्यवाही की गई है। जिसके तहत अनाधिकृत रूप से हूटर/सायरन धारण किए 33 मोटरयानों के विरूद्ध कार्यवाही कर 19 हजार रुपये, अनाधिकृत रूप से पदनाम/संस्था के नाम की पट्टिका का उपयोग करने वाले 14 मोटरयानों पर 7000 रुपये, वाहन की मूल बॉडी में किए गए परिवर्तन के 2 प्रकरणों में 01 हजार रुपये का जुमार्ना तथा निर्धारित स्वरूप में 177 मोटरयानों पर रजिस्ट्रेशन प्लेट नही लगाए जाने पर 94 हजार 500 रुपये की एवं मोटरयान अधिनियम 1988 की अन्य धाराओं पर 145 वाहनों पर कार्यवाही कर 2 लाख 84 हजार 900 रुपये के जुमार्ने की कार्यवाही की गई है। इस तरह 380 चालान प्रकरणों से 4 लाख 14 हजार 900 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।

## पीपल वृक्ष के 108 फेरे लगाकर महिलाओं ने की पति के लम्बी आयु की कामना

### नर्मदा नदी के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मां नर्मदा सरोवर में लगाई डुबकी





जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को सोमवती अमावस्या को लेकर व्रती महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना की तथा अपने पति की लंबी आयु व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। सोमवती अमावस्या को लेकर विभिन्न जगहों पर पीपल के पेड़ के नीचे व्रती महिलाओं की भीड़ लगी रही। व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर अपने आस-पड़ोस के पीपल के पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंची।

अनूपपुर।

जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा सहित जिला मुख्यालय के सोन-तिपान नदी संगम पर श्रद्धालुओं ने नदियों में आस्था की डुबकी लगाई, जबकि राजेन्द्रग्राम, कोतमा, जैतहरी, राजनगर, बिजुरी सहित अन्य क्षेत्रों से गुजरती नर्मदा, सोन, जुहिला, तिपान, केवई सहित अन्य नदियों के नदीघाटों पर अधिकांश लोगों ने भी स्नानकर इष्टदेवों की विशेष पूजा अर्चना की। जहां महिलाओं ने पीपल पेड़ की 108 बार परिक्रमा कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही महिलाओं ने वहां मौजूद पुरोहित से सोमवती अमावस्या की कथा भी सुनी। पंडित गोविंद द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को होने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन किया गया स्नान, ध्यान, जप और दान अनंत फलदायी होता है। हिदू धर्म शास्त्रों के अनुसार इस अमावस्या का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि पीपल के वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, त्वचा विष्णु, शाखा में शिव तथा सभी पत्तों में देवताओं का वास होता है। इसलिए पीपल वृक्ष की पूजा करने से सभी दुखों का नाश होता है तथा सभी सुख प्राप्त होते हैं। शहर सहित सभी प्रखंडों व गांवों में महिलाओं ने श्रद्धा भाव से पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना किया। सोमवती अमावस्या के दिन सुबह से ही नर्मदा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा सरोवर में डुबकी लगाकर माता नर्मदा का पूजन अर्चन किया। मान्यता है कि इस दिन नर्मदा नदी में डुबकी लगाने से कष्ट दूर हो जाते हैं। सोमवती अमावस्या के दिन स्नान, दान, और पितृ पूजन किया जाता है। इस दिन कुछ उपाय करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। शास्त्रों के मुताबिक, सोमवती अमावस्या के दिन तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए, मांस-मदिरा और लहसुन और प्याज नहीं खाना चाहिए, घर में किसी भी तरह का वाद-विवाद नहीं होना चाहिए, किसी इंसान के प्रति मन में गलत विचार नहीं लाने चाहिए।

**मधुमक्खियों ने महिलाओं पर किया हमला**

सोमवती अमावस्या के पर्व पर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 12 अमरकंटक रोड अनूपपुर में पीपल की पूजा कर फेरे ले रही महिलाओं पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया है। सुबह 6 बजे लगभग पांच - छः महिलाएं पूजा कर रही थीं, वहीं पर हवन के लिए कंडा जलाया जा रहा था उसमें धुआ बहुत हुआ और पीपल के पेड़ में मधुमक्खियों के छत्ते लगे होने से धुंआ से मधुमक्खियों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। सैकड़ों मधुमक्खियाँ महिलाओं के ऊपर चिपक गयीं और काटने लगीं। महिलाओं में भगदड़ मच गयी। हालांकि किसी की भी हालत चिंताजनक नहीं बताई गयी है।

### अमरकंटक की पवित्रता, अखण्डता सांस्कृतिक महत्व का होगा संरक्षण

## संत समाज का गठन, साधु संतों का लगा जमावड़ा



अमरकंटक।

मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में चैत्र शुक्ल दशमी शुक्रवार 5 अप्रैल को केंद्रीय मार्गदर्शन समिति विश्व हिन्दू परिषद् के सदस्य अनन्त विभूषित जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामराजेश्वराचार्य महाराज (माऊली सरकार) एवं पूज्य स्वामी श्री नर्मदानंद महाराज के गरिमामयी उपस्थिति में शांति कुटि आश्रम के सभागार कक्ष में अमरकंटक के समस्त आश्रमो के संतगणों की बैठक आहूत कीगयी, जिसमें अमरकंटक के लगभग सभी आश्रम के संत, महंत एवं आश्रम के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक में सभी संतो ने संत संगठन एवं संगठन द्वारा संतों की तपोभूमि अमरकंटक की पवित्रता, सनातन सांस्कृतिक महत्व एवं पर्यावरण के संरक्षण व अन्य महत्वपूर्ण विषय पर मंथन के पश्चात अमरकंटक संत संगठन (समिति) का गठन किया गया। संत संगठन व समिति ने बैठक में पधारे महंत, महामंडलेश्वर, संत तथा आश्रमों के प्रतिनिधि अपनी अपनी जिज्ञासाएं प्रकट की तथा तय विषयों व कार्यक्रम का सुचारू रूप से कियान्वयन के लिए सर्वसम्मति से अपने संत संगठन के कार्यकारणी की घोषणा की तथा पूज्यपाद तपस्वी बाबा श्री कल्याण दास जी महाराज एवं पूज्य स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज का भी संत संगठन पर आश्रम प्रतिनिधियों द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई जो संरक्षण का प्रतिनिधित्व पर विराजमान रहेंगे। बैठक में पधारे अनेक आश्रमों के संतगणों द्वारा एक समिति य संगठन की रूपरेखा तैयार की गई जिसमे पूज्य स्वामी जगतगुरु माऊली सरकार, पूज्य स्वामी श्री नर्मदानंद तथा अन्य संत गण समिति के मार्गदर्शक होंगे। मार्गदर्शक स्वामियो के सानिध्य में अमरकंटक शांति कुटी के महामंडलेश्वर एवं महंत स्वामी श्री रामभूषण दास जी महाराज को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ ही स्वामी महेश चेतन्य गिरी (तुरिय आश्रम) के उपाध्यक्ष होंगे। स्वामी लवलीन महाराज (परमहंस धारकुंडी आश्रम) को संयोजक बनाया गया है एवं सह संयोजक पंडित योगेश दुबे (मृत्युंजय आश्रम) व पंडित धनेश द्विवेदी (नर्मदा मंदिर पुजारी) रहेंगे। संगठन के कोषाध्यक्ष स्वामी धमार्नंद महाराज (कल्याण सेवा आश्रम) को नियुक्त किया गया है। सूचना एवं प्रचार हेतु पंडित श्रवण कुमार उपाध्याय अमरकंटक को सौंपा गया है। संत मंडल समाज और संगठन के बीच समन्वय के लिए दिनेश साहू (संगठन समन्वयक) एवं शिव कुमार खैरवार को सह समन्वयक बनाए जाने पर सहमति प्रदान की गई। संगठन के अध्यक्ष महंत स्वामी रामभूषण दास जी ने बताया की अमरकंटक में साधु समाज का संगठन कुछ वर्ष पूर्व में बना हुआ था लेकिन धीरे धीरे यह लुप्त हो गया जिसे समस्त संतगणो ने यह विचार किया कि यहां पर भी संतो का संगठन होना चाहिए जिस पर आज आपस में सभी संतो के साथ बैठक कर मूर्त रूप दिया गया और इसकी आगे जो भी संगठन संबंधित प्रक्रियाएं होंगी उसे आगे पूर्ण किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुन्ना लाल पांडेय श्रेत्रीय धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख तथा सुरेंद्र सिंह प्रांत धमार्चार्य सम्पर्क प्रमुख एंव वाल्मीकि जायसवाल विभाग सह मंत्री, श्री बालक दास तथा संतो में स्वामी हरिचैतन्य पुरी महाराज, स्वामी मुकुंद दास , स्वामी रामशंकर दास महात्यागी, महंत कोमलदास महात्यागी, योगी चैतन्याकाश महाराज, स्वामी हनुमान दास, स्वामी श्री त्यागी, स्वामी सदानंदा, स्वामी भगत गिरी, स्वामी राजेश दास, स्वामी रामानंद, स्वामी रेवा शंकर पुरी, स्वामी हनुमान दास, प्रवीण व अन्य साधु संत जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## लगातार गिरता पढ़ाई का स्तर

### फीस और मंहगी किताबों की मची लूट, अभिभावक परेशान

अनूपपुर/कोतमा।

वर्तमान समय में आम जनता के ऊपर अगर सबसे ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ रहा है तो वह है निजी स्कूलों के द्वारा फीस के नाम में मनमानी की जाती है उसके साथ-साथ प्रतिवर्ष एडमिशन फीस लिया जाना और प्रतिवर्ष किताबों को बदल दिया जाना, अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सीबीएसई मान्यता से चल रही स्कूलों द्वारा ऊंची ऊंची बिल्डिंगों के साथ-साथ महंगी महंगी किताबो का भी उपहार देता है जबकि पढ़ाई का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है कोतमा नगर के कुछ विद्यालय ऐसे हैं अगर वहां पढ़ाई का स्तर देखा जाए तो पिछले 5 वर्षों में लगातार गिरता हुआ प्रतीत होता है, विद्यालय में बहुत अधिक फीस लिया जाना उसके बाद भी अभिभावकों को अपने बच्चों को ट्यूशन पढ़वाना ही पड़ता है बिना ट्यूशन के बच्चे का बौद्धिक विकास लगभग रुक सा रहता है। नगर के कई विद्यालय ऐसे हैं जहां खेल का मैदान ही नहीं है जबकि बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी आवश्यक होता है लेकिन शिक्षा विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा ऐसे विद्यालयों को चलाने की अनुमति दे दी जाती है जो केवल व्यवसाय के दृष्टिकोण से ही विद्यालय चला रहे होते हैं,दुकानदारों, प्रकाशन और निजी विद्यालयों के द्वारा आपस में साठ गांठ करके मनमानी दरों और पब्लिकेशन की पुस्तक चलाई जाती हैं महंगे दरों की पुस्तक चलाने का मुख्य उद्देश्य कमीशन होता है,जिनके पन्ने तो रंगीन रहते हैं बीजे खुद को बहुत अकेला और असहाय महसूस कर रही है।

**आम सूचना**

मै उमेश शर्मा यह सूचित करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र सिध्दांत शर्मा जिसका घरेलू नाम मनु शर्मा है के नाम से एक जीवन बीमा पॉलिसी क्रमांक 377888753 वर्ष 2004 में ली थी। यह पॉलिसी उसके घरेलू नाम मनु शर्मा के नाम से ली गई थी जबकि उसका सभी दस्तावेजो एवं आधार कार्ड (क्र. 991954489615) में नाम सिध्दांत शर्मा है। मै उक्त जीवन बीमा पॉलिसी क्रमांक 377888753 में नाम मनु शर्मा के स्थान पर सिध्दांत शर्मा करवाना चाहता हूँ। यदि किसी को इसमें कोई आपत्ती हो तो वह 15 (पंद्रह) दिनों के अन्दर जीवन बीमा कार्यालय की बुढार शाखा, जिला शहडोल (म.प्र.) में संपर्क कर सकता है।

उमेश शर्मा
D/1 राजनगर
जिला: अनुपपुर (म.प्र.)
पिन कोड: 484446